उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा–206130
Uttar Pradesh University of Medical Sciences, Saifai, Etawah-206130
Tel.: (05688) 276569, Website: www.upums.ac.in, E.Mail- dean-medical@upums.ac.in

पत्रांकः 5078 / यूपीयूएमएस / छात्रप्रकोष्ठ(3180 / 319) / 2024–25 दिनांकः 03 मार्च, 2025

कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एम0बी0बी0एस0 छात्र/छात्राओं की अनुपस्थिति/कम उपस्थिति के विषय में निम्नलिखित विभागों से सूचना प्राप्त हुई है–

1. विभागाध्यक्ष, पैथालोजी के पत्र संख्या 167 दिनांक 27 फरवरी, 2025 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि एम0बी0बी0एस0 बैच–2022 एवं 2023 के छात्र/छात्राएं प्रायः कक्षाओं में अनुपस्थित रहते हैं। उक्त पत्र के माध्यम से माह जनवरी, 2025 की उपस्थिति/अनुपस्थिति का विवरण भी उपलब्ध कराया गया है, जोकि संतोषजनक नहीं है।
2. विभागाध्यक्ष, एनाटामी के पत्र संख्या 1595 दिनांक 27.02.2025 के माध्यम से एम0बी0बी0एस0 बैच–2024 के छात्र/छात्राओं की उपस्थिति उपलब्ध करायी गयी है, जिसके अवलोकन से स्पष्ट है कि कतिपय छात्र/छात्राओं की उपस्थिति निर्धारित मानकों से कम है। विभागाध्यक्ष द्वारा कम उपस्थिति वाले छात्र/छात्राओं के अभिभावकों को ईमेल के माध्यम से सूचना प्रेषित कर दी गयी है।

उक्त से स्पष्ट है कि एम0बी0बी0एस0 छात्र/छात्राएं अध्ययन में रूचि नहीं ले रहे हैं तथा कक्षाओं में अनुपस्थित रहने को अपने आचरण में शामिल कर लिया गया है। गत वर्ष एम0बी0बी0एस0 बैच–2020, 2021 एवं 2022 के छात्र/छात्राओं की स्वैच्छिक अनुपस्थिति/बंक के कारण उनकी उपस्थिति एन0एम0सी0 के मानकों से कम थी, जिसके कारण उनकी विश्वविद्यालय स्तरीय परीक्षाएं निर्धारित एकेडमिक कैलेन्डर के अनुसार सम्पन्न नहीं हो पायी थीं। उक्त की वजह से उनका आगे का समस्त पाठ्यक्रम एवं परीक्षाएं एन0एम0सी0 के नियमानुसार स्वतः ही विस्तारित हो गया है। इसके बावजूद भी छात्र/छात्राएं नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एम0बी0बी0एस0 छात्र/छात्राओं की उपस्थिति यदि एन0एम0सी0 द्वारा निर्धारित मानकों से कम रहती है, तो वह वर्ष 2025 में एकेडमिक कैलेन्डर के अनुसार प्रस्तावित विश्वविद्यालय स्तरीय परीक्षाओं हेतु भी पात्र नहीं होंगे। उक्त के कारण परीक्षाओं को निर्धारित कैलेन्डर के अनुसार सम्पन्न कराया जाना सम्भव नहीं हो पायेगा। छूटी हुई कक्षाओं को पूर्ण कराये जाने हेतु उनकी नियमित कक्षाएं तब तक जारी रखी जायेंगी, जबतक कि उनकी उपस्थिति एन0एम0सी0 द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हो जाती। इसमें जो भी समय लगेगा, उसका प्रभाव छात्र/छात्राओं के आगे के पाठ्यक्रम पर भी पड़ेगा।

अतः एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं को आदेशित किया जाता है कि वह नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए, उपस्थिति के सम्बन्ध में एन0एम0सी0 मानकों को पूर्ण करें, ताकि उनकी परीक्षाएं निर्धारित कैलेन्डर के अनुसार सम्पन्न हो सकें।

(डा0 आदेश कुमार)
संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय

प्रतिलिपि–

1. समस्त सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त के विषय में विभागीय स्तर भी छात्र/छात्राओं को निर्देशित जारी करें तथा छात्र/छात्राओं को उनकी उपस्थिति/अनुपस्थिति प्रतिशत से अवगत करायें। साथ ही निर्धारित मानकों से कम उपस्थिति वाले छात्र/छात्राओं के अभिभावकों को ईमेल/पत्र के माध्यम से सूचित करें।
2. प्रभारी अधिकारी वेबसाईट उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के अवलोकनार्थ अपलोड कराने हेतु।
3. प्रमुख निजी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
4. एम0बी0बी0एस0 के समस्त छात्र/छात्राओं को अनुपालनार्थ।

(डा0 आदेश कुमार)
संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय